Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6701	11.05.2022	13.05.2022	Dausa Rajasthan	www.asianetnews.com/Hindi https://hindi.asianetnews.com/rajasthan/78-sick-after-drinking-papaya-shake-in-wedding-ceremony-in-dausa-rajasthan-vva-rbojr5
Title:	**78 sick after drinking papaya shake in wedding ceremony in Dausa, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Dausa, SSU- Rajasthan			

राजस्थान के दौसा में एक विवाह समारोह में पपीता शेक पीने से 78 लोग फूड प्वाइजनिंग (Food Poisoning) के शिकार हो गए। शेक पीने के बाद लोग पेट दर्द से तड़पने लगे। महिलाएं, बच्चे और युवक, जिसने भी खाना खाया उसकी हालत खराब हो गई। विवाह समारोह की खुशी का माहौल अचानक अफरा-तफरी में बदल गया।

एक बार में इतनी अधिक संख्या में लोगों के बीमार पड़ने से गांव में हड़कंप मच गया। लोग अपने-अपने परिजनों को लेकर अस्पताल भागे। घटना दौसा के नामोलाव गांव की है। विवाह समारोह में शामिल होने वाले लोगों ने पंगत में बैठकर खाना खाया था। इस दौरान पपीते का शेक पड़ोसा गया था। उसे पीते ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। बीमार लोगों को दौसा जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। अचानक इतनी अधिक संख्या में आए मरीजों के चलते अस्पताल में बेड कम पड़ गए। जगह कम पड़ने के चलते एक बेड पर 2-3 मरीज को रखकर इलाज किया गया।

खाना खाने के बाद होने लगी उल्टियां

बीमार लोगों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक है। बीमार लोगों की स्थिति तेजी से बिगड़ रही थी। डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों ने काफी कोशिश कर स्थिति को संभाला। बीमारों को ड्रिप और इंजेक्शन लगाए

गए। इमरजेंसी में बेड कम पड़े तो मरीजों को जनरल वार्ड, आइसोलेशन वार्ड, मेडिकल वार्ड और अन्य वाड़ों में शिफ्ट करना पड़ा।

ड्रॉली पर मरीजों को रखकर ड्रिप की बोतल लिए परिजन अस्पताल परिसर में इधर-उधर भागते दिखे। कई मरीजों के परिजन बदहवास थे। फूड प्वाइजनिंग के शिकार एक युवक ने बताया कि खाना खाने के बाद ही बच्चों और महिलाओं को उल्टियां होने लगी थी। तेज पेट दर्द हो रहा था। दौसा जिला अस्पताल के डॉक्टर शिवराम मीणा ने कहा कि मरीजों की तबीयत में सुधार हो रहा है। चिंता की बात नहीं है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!